आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 04.04.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में दून पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ किया।
- जमरानी बाँध परियोजना के 600 मीटर लंबी डायवर्सन टनल का निर्माण कार्य पूरा हुआ।
- मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक ने पौड़ी के पोखड़ा ब्लाक में सक्रिय गुलदार को पकड़ने और आवश्यक होने पर नष्ट करने की अनुमति दी।
- प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई।

**पुस्तक महोत्सव**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित दून पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान श्री धामी ने कहा कि यह महोत्सव साहित्य, संस्कृति और कला का अद्भुत संगम है, जो समाज में ज्ञान और विचारों के आदान–प्रदान को नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। "उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान", "साहित्य भूषण" तथा अन्य पुरस्कारों के माध्यम से साहित्यकारों को सम्मानित किया जा रहा है, साथ ही विभिन्न भाषाओं में ग्रंथ प्रकाशन को अनुदान प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में साहित्य ग्रामों की स्थापना की जा रही है, जिससे साहित्यकारों को सृजन के लिए अनुकूल वातावरण मिल सकेगा और उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा। दून पुस्तक महोत्सव 12 अप्रैल तक चलेगा।

**टिहरी में एलपीजी गैस**

टिहरी गढ़वाल जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। पिछले कुछ समय से गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के चलते लोगों में चिंता थी, लेकिन प्रशासन की सतर्कता और निगरानी से स्थिति अब पूरी तरह सामान्य हो गई है। और जिला प्रशासन और गैस एजेंसियों द्वारा आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया है। चंबा के नागणी निवासी आशा देवी ने बताया कि प्रशासन ने गैस की आपूर्ति के लिए जो व्यवस्था बनाई है उससे समय पर गैस मिल रहा है।

**जमरानी बांध**

केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना जमरानी बाँध परियोजना के दो टनल में से एक 600 मीटर लंबी डायवर्सन टनल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। जबकि दूसरी टनल का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है। इस संबंध में जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल ने बताया कि बाँध का निर्माण तेज गति से चल रहा है और एक टनल का कार्य पूरा हो चुका है। वहीं महाप्रबंधक जमरानी बांध महेश खरे ने बताया कि पांच चरणों में पूरे होने वाला जमरानी बांध 2029 में बनकर तैयार होगा।

**दिल्ली– देहरादून एक्सप्रेसवे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करने के लिए देहरादून पहुंचेगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री का 14 अप्रैल को देहरादून आगमन प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रधानमंत्री दिल्ली– देहरादून एक्सप्रेस वे का शुभारंभ करेंगे। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सीमांत क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान दिया है और ऐसे गांवों में भी प्रवास किया है, जहां पहले कोई नहीं जाता था। इसके अलावा उन्होंने मुखवा और हर्षिल जैसे क्षेत्रों में शीतकालीन यात्रा के साथ ही आदि कैलाश जैसे धार्मिक स्थलों के दर्शन किया।

**चार धाम यात्रा**
प्रदेश में 19 अप्रैल से शुरू होने वाली चार धाम यात्रा को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसके तहत पर्यटन विभाग हरिद्वार में चारधाम यात्रियों के ऑफलाइन पंजीकरण के लिए ऋषिकुल मैदान में 20 काउंटर लगाएगा, जहां यात्री आसानी से अपना पंजीकरण करा सकेंगे। जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल ने बताया कि पंजीकरण केंद्र पर यात्रियों की सुविधा के लिए होल्टिंग सेंटर, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

**मुख्यमंत्री का संबोधन**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पुलिस लाइन देहरादून में प्रशिक्षण ले रहे पुलिसकर्मियों को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांस्टेबलों को आधुनिक प्रशिक्षण लेकर जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड पहाड़ी राज्य होने के कारण प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए पुलिसकर्मियों को आपदा प्रबंधन में निपुण बनना आवश्यक है। उन्होंने कानून व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त रखने के लिए जनता के साथ समन्वय बनाए रखने तथा अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

**आदमखोर गुलदार**

पौडी जिले के विकासखंड पोखड़ा क्षेत्र में बढ़ती मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक ने जनसुरक्षा, और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संबंधित क्षेत्र में सक्रिय गुलदार को पकड़ने के साथ ही आवश्यक होने और उसे नष्ट करने की अनुमति दे दी है। डीएफओ गढ़वाल महातिम यादव ने बताया कि गुलदार की गतिविधियों पर सतत निगरानी के लिए क्षेत्र में तीन पिंजरे और बीस ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही दो शिकारियों की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा के लिए वन और राजस्व विभाग के संयुक्त दल उन्हें घर से विद्यालय तक लाने और छोड़ने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पालतू मवेशियों के लिए चारा–पत्ती की व्यवस्था की जा रही है।

**मौसम**
प्रदेश के कुछ हिस्सों हल्की बारिश होने के साथ ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों बर्फबारी हुई। चमोली जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी के साथ ही बद्रीनाथ, हेमकुंड साहिब सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने से निचले स्थानों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और पौड़ी जिलों में आकाशीय बिजली गिरने, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। अन्य जिलों के लिए आंधी–तूफान का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के चेतावनी को देखते हुए राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने संबंधित जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।